DSE - II

1. निम्नलिखित में से वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) प्रेमचंद को उपन्यास....... कहा जाता है?

(ख) प्रेमचंद की कहानियां किसमें संकलित है?

(ग) प्रेमचंद के अधूरे उपन्यास का नाम क्या है?

(घ)' सेवासदन' का उर्दू नाम क्या है?

(ङ) सेवासदन के एक नारी पात्र का नाम लिखिए।

(च) प्रेमचंद की कहानियां किस भावना से प्रेरित हैं?

(छ)'अलग्योझा' का नायक कौन है?

(ज) हल्कू के खेत की खड़ी फसल को किसने नष्ट किया?

(झ) खेतों में फसलों की रक्षा में हल्कू का संगी कौन था?

(ञ)' कुछ विचार 'संग्रह में प्रेमचंद की किस विधा की रचनाएं संकलित है?

(ट) हिंदी और हिंदवी शब्द का प्रयोग सबसे पहले आदिकाल के किस कवि ने किया था?

(ठ) हामिद मेले से दादी के लिए क्या लाता है?

(ड) ईदगाह का प्रकाशन वर्ष कितना है?

(ढ)' ठाकुर का कुआं 'कहानी में कितने हुए हैं?

(ण)'पूस की रात 'कहानी के मुख्य पात्र का नाम बताइए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दें।

(क) प्रेमचंद का असली नाम क्या था और वे किस नाम से लिखा करते थे?

(ख) प्रेमचंद की कहानियों एवं उपन्यासों में कौन सा स्वर मुखरित होता है?

(ग) प्रेमचंद का प्रथम उपन्यास कौन सा है और किस समस्या पर आधारित है?

(घ) 'सुमन' पति - गृह त्यागने के बाद क्या करने के लिए विवश होती है और क्यों?

(ङ) 'अलग्योझा' कहानी की विषयवस्तु किसका परिचय देता है?

(च) आदर्शोन्मुख - यथार्थवाद से क्या समझते हैं?

(छ)' ठाकुर का कुआं 'कहानी की मुख्य समस्या क्या है?

(ज)'पूस की रात 'कहानी किस प्रकार की कहानी है?

(झ) प्रेमचंद के अनुसार साहित्य का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(ञ) राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं? भारत की राष्ट्रभाषा क्या है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर संक्षिप्त में दीजिए।

(क) प्रेमचंद के साहित्यिक मान्यताओं पर विचार प्रस्तुत करें।

(ख) सेवासदन उपन्यास के परिपेक्ष्य में नारी के वेश्या रूप का चित्रण संक्षिप्त में कीजिए।

(ग) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ)'एक ही घटना या स्थिति से सभी मनुष्य समान रूप में प्रभावित नहीं होते, हर आदमी की मनोवृति और दृष्टिकोण अलग है। रचना कौशल इसी में है कि लेखक जिस मनोवृति या दृष्टिकोण से किसी बात को देखें, पाठक भी उसमें उससे सहमत हो जाए।

(ङ)"वह अपनी दीनता से आहत ना था, जिसने आज उसे इस दशा में पहुंचा दिया। नहीं,इस अनोखी मैत्री ने जैसे उसकी आत्मा के सब द्वार खोल दिए थे और उसका एक एक अणु प्रकाश से चमक रहा था ।" संदर्भ सहित व्याख्या करें।

(च)"तुमने उसके साथ अत्याचार इसलिए किया है कि मैं उसकी बहन हूं, जिसके पैरों पर तुमने नाक रगड़ी है..... तब तुम्हारे दुष्कामों से खानदान की नाक कटती थी? आज तुम आकाश के देवता बने फिरते हो। अंधेरे में झूठा खाने पर तैयार उजाले में नियंत्रण भी स्वीकार नहीं।"इसकी व्याख्या कीजिए।

(छ)'बड़े भाई साहब के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ज) प्रेमचंद के अनुसार साहित्य सृजन की प्रेरणा कहां से मिलती है?

(झ)हिंदी उर्दू और हिंदुस्तानी निबंध के अंत में हिंदी मुसलमानों से प्रेमचंद ने क्या अपील की है?

4. निम्नलिखित में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। (7×4=28)

(क) प्रेमचंद के साहित्य में भारतीय किसानों की स्थिति पर आलोचना कीजिए।

(ख)"प्रेमचंद का संपूर्ण उपन्यास साहित्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरोध में खड़ा है।" इस कथन का विवेचन कीजिए।

(ग) 'सेवासदन' उपन्यास में चित्रित समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(घ)'सेवासदन' मध्यवर्गीय नारी मुक्ति का एक ज्वलंत दस्तावेज है इस कथन की सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) कहानी तत्वों के आधार पर 'पूस की रात 'कहानी की समीक्षा कीजिए?

(च) राष्ट्रभाषा हिंदी और उसकी समस्याओं पर विस्तार से आलोचना कीजिए।